○ जयपुर में होने वाले निवेशकों के कुंभ राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट का काउंटडाउन शुरू–कल से मेहमान जयपुर पहुंचेंगे।

○ उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत कल प्रदेश के 39 जिलों में पांच साल तक के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई जायेगी।

○ सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस का राष्ट्रीय समारोह कल जोधपुर में–गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे।

○ प्रदेश में सोमवार से कई स्थानों पर तेज सर्दी का दौर शुरू होने की संभावना। सीकर और माउंटआबू में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज।

0000

राजधानी जयपुर में होने जा रहे निवेशकों के कुंभ राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 9 से 11 दिसम्बर तक सीतापुरा के जेईसीसी में होने जा रहे इस महा आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस निवेश सम्मेलन का उद्‌घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। साथ ही समिट में कई केन्द्रीय मंत्री और विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। इस सम्मेलन में कुल 12 सत्र होंगे। इनमें देश विदेश के निवेशक उद्योगपति और कारोबारी संगठनों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कई महीनों से प्रयास किये जा रहे है। इस समिट के लिए ऊर्जा, पर्यटन और खनिज सहित विभिन्न क्षेत्रों में 25 लाख करोड़ रूपये से अधिक के एमओयू किये जा चुके है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए ऊर्जा, निर्यात, खनिज, पर्यटन, एमएसएमई सहित 9 नीतियां जारी की हैं। वहीं दस दिनों तक हर दिन एक नया संकल्प लेने की पहल की है। समिट में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के साथ ही सात देशों यूके, कोरिया, जापान, यूएई, सिंगापुर, कतर और सउदीअरब की विशेष भागीदारी रहेगी। सम्मेलन में पर्यटन पर विशेष सत्र आयोजित किया जायेगा। जिसमें देश दुनिया की पर्यटन और होस्पिटैलिटी क्षेत्र की बडी कंपनियां हिस्सा लेंगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि समिट की मेजबानी के लिए गुलाबीनगर जयपुर पूरी तरह से तैयार है।

.....

00000

स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने देश भर में तपेदिक यानी टीबी के मामलों से निपटने के लिए आज 100 दिन के अभियान की शुरुआत की। हरियाणा के पंचकुला से शुरू हुआ यह अभियान 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 347 जिलों में चलाया जाएगा। इधर प्रदेश में जयपुर के एसएमएस अस्पताल के अकादमिक सभागार में आयोजित सम्मेलन में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड ने इस अभियान का शुभारंभ किया। ये अभियान राज्य के पांच जिलों बारां, कोटा, झालावाड, हनुमानगढ़ और राजसमंद जिलों में चलाया जायेगा। इसके तहत 100 दिन तक क्षय शिविरों का आयोजन किया जायेगा। श्रीमती राठौड ने इस अवसर पर कहा कि ये अभियान देश और प्रदेश को टीबी मुक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। टीबी मुक्त राजस्थान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगले साढे तीन महीनों तक प्रदेशभर में सघन सर्वे किया जायेगा। इसमें रोगियों को चिन्हित कर उनका उपचार किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि इस विशेष अभियान से तपेदिक के खिलाफ देश की लडाई और मजबूत हुई है। उन्होंने सभी से तपेदिक बीमारी को खत्म करने के लिए सभी से अपना योगदान देने की अपील की है।

000000

उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाअभियान कल से शुरू होगा। इसके तहत 5 साल तक के बच्चों को पोलियों की खुराक दी जायेगी। इससे पहले प्रदेश में आज झालावाड सहित विभिन्न स्थानों पर जागरूकता रैली का आयोजन कर इस महाअभियान का प्रचार–प्रसार किया गया। अभियान के तहत 39 जिलों में पांच साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो दवा पिलाई जायेगी। स्वास्थ्य विभाग में टीकाकरण परियोजना निदेशक ने बताया कि 87 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 46 हजार 887 बूथ बनाये गये है। अभियान के लिए 60 हजार दल लगाये गये है।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि राष्ट्र की प्रगति में दिव्यांगजन की अभिन्न भूमिका है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास के तहत उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। श्री बिरला गुडगांव में 11वें नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डिसेबिलिटी और राष्ट्रीय एंबिलेंपिंक्स प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन के अंदर असीम क्षमता और लगन होती है। उन्हें उचित प्लेटफॉर्म मिलना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने सांसदों से आग्रह किया कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में दिव्यांगों के हुनर को उचित मंच देने का प्रयास करें।

000000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देश में 85 नए केंद्रीय विद्यालयों की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आ आभार जताया है। श्री शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय केबीनेट के इस फैसले से राज्य में भी 9 नये केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना होगी। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर बढेंगे।

00000

गृह मंत्री अमित शाह का आज जोधपुर पहुंचने का कार्यक्रम है। श्री शाह कल सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे। बीएसएफ के राजस्थान फ्रंटीयर के आईजी एम एल गर्ग ने बताया कि पहली बार बीएसएफ के स्थापना दिवस का राष्ट्रीय कार्यक्रम जोधपुर में होने जा रहा हैं। समारोह में बीएसएफ के देशभर के फ्रंटीयर मुख्यालय के जवान हिस्सा लेंगे।

00000

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ये दिन देश के सैनिकों की वीरता और बलिदान को सम्मान देने का दिन हैं। उन्होंने देशवासियों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में अंशदान देने का आग्रह किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, वीरता, धैर्य और बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि यह भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और योगदान को याद करने का दिन है।

.....

रक्षा मंत्री ने भारत की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सेना की सराहना की और सभी से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का आग्रह किया। 7 दिसंबर 1949 से देश सशस्त्र सेना झंडा दिवस मना रहा है। प्रदेश में भी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जयपुर में विंटेज जीप रैली निकाली गई और अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। बाडमेर और भरतपुर में पूर्व सैनिकों तथा वीरांगनाओं का सम्मान किया गया। वहीं जालोर में साईकिल रैली निकाली गई।

00000

राज्यपाल हरीभाऊ बागडे ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे नौकरियों के पीछे भागने की बजाय रोजगार देने वाले बनें। श्री बागडे आज जयपुर में एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ज्ञान का केन्द्र होते है और जीने की राह दिखाते है। यहां युवाओं में उद्यमिता की प्रवृति विकसित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। राज्यपाल ने राष्ट्र प्रथम है की सोच के साथ विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढाये जाने पर भी जोर दिया।

00000

जयपुर में राजस्थान विश्वविद्यालय का परिसर आज फूलों की सुगंध से महक उठा। विश्वविद्यालय में आज से तीन दिन की गुलदाउदी पुष्प प्रदर्शनी की शुरूआत हुई। उप मुख्यमंत्री प्रेम चन्द बैरवा और सांसद मंजू शर्मा ने इसका उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रजातियों के फूल, फूलों की सजावट के तरीके और नई कृषि तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनी के अंतिम दिन 9 दिसम्बर को पौधो की बिक्री भी की जायेगी।

00000

प्रदेश में सोमवार से कई स्थानों पर तेज सर्दी का दौर शुरू होने की संभावना है। साथ ही कुछ क्षेत्रों में शीतलहर भी चलने के आसार है। पिछले 24 घंटे में राज्य के कुछ इलाकों में सर्दी का असर बढ गया है। बीती रात 16 स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे रहा। सीकर और माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा चूरू में 5 दशमलव 6, पिलानी में 6 दशमलव 3, अलवर में 6 दशमलव 6 तथा जालोर और करौली में 7 दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि सोमवार से शेखावाटी और प्रदेश के उत्तरी जिलों में शीतलहर चलने के आसार है।

.....

000000